Title: Need to provide adequate irrigation facilities in Bahraich and Shravasti districts of Uttar Pradesh.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच सीमावर्ती नेपाल से लगा है। वहां सिंचाई के लिए न तो नहरों की व्यवस्था है और न ही कुछ क्षेत्रो में बोरिग ही सफल हो रहा है। इस क्षेत्र में डीप बोरिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे पैदावार में वृद्धि हो और किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत मिल सके। उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती जनपद के सिरसिया हरिहर पुर ब्लाक में सिंचाई के लिए कुछ जलाशयों का निर्माण किया गया था, लेकिन वे काम नहीं कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप सिंचाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उनकी फसल भी प्रभावित हो रही है।

अत: सरकार से अनुरोध है कि उन जलाशयों का पुनरुद्धार किया जाए जिससे किसानों की सिंचाई संबंधी कठिनाइयां दूर हो सकें और उनकी पैदावार में वृद्धि हो सके। इसके लिए राज्य सरकार को आर्थिक सहायता दी जाए।